# LJ-1005

## B.A. (Part-I)

Term End Examination, 2021

## HINDI LITERATURE

Paper - II

## हिन्दी कथा साहित्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) रिश्वत में उसने हजारों रुपये मारे थे, पर कभी एक क्षण के लिए भी उसे ग्लानि

न आई थी। रिश्वत बुद्धि से, कौशल से मिलती है। दान पौरुषहीन, कर्महीन या पाखण्डियों का आधार है। वह सोच रहा था - मैं अब इतना दीन हूँ कि भोजन और वस्त्र के लिए मुझे दान लेना पड़ता है।

***अथवा***

मानव जोवन की सबसे महान घटना कितनी शान्ति के साथ घटित हो जाती है। वह विश्व का एक महान अंश वह महत्वाकांक्षाओं का प्रचण्ड सागर, वह उद्योग का अनंत भण्डार, वह प्रेम और द्वेष, सुख और दुख का लीला क्षेत्र, वह बुद्धि और बल की रंगभूमि न जाने कब और कहाँ लीन हो जाती है, किसी को खबर नहीं होती एक हिचकी भी नहीं एक उच्छवास भी नहीं, एक आह भी नहीं निकलती।.... कितना महान परिवर्तन है। वह जो मच्छर के डंक को सहन न कर सकता था, अब उसे चाहे मिट्टी में दबा दो, चाहे अग्नि-चिता पर रख दो, उसके माथे पर बल तक नहीं पड़ेगा।





(ख) खेती-बारी के समय गाँव के किसान सिरचन की गिनती नहीं करते। लोग उसको बेकार नहीं 'बेगार' समझते हैं। इसलिए खेत खलिहान की मजूरी के लिए कोई नहीं बुलाने जाता है सिरचन को। क्या होगा उसको बुला कर? दूसरे मजदूर खेत पर पहुँचकर एक तिहाई काम कर चुकेंगे, तब कहीं सिरचन राय हाथ में खुरची डुलाता हुआ दिखाई पड़ेगा, पगडण्डियों पर तोल-तौलकर पाँव रखता हुआ धीरे-धीरे। मुफ्त की मजदूरी देनी हो तो और बात है।

***अथवा***

चोरी से ज्यादा फिक्र थी आबरू की। किवाड़ न रहने पर परदा ही आबरू का रखवाला था। वह परदा भी तार-तार होते-होते एक रात आँधी में किसी भी हालत में लटकाने लायक न रह गया। दूसरे दिन घर की एकमात्र पुश्तैनी चीज दरी दरवाजे पर लटक गई।

(ग) रात होने पर रक्खा रोज की तरह गली के बाहर बायीं तरफ दूकान के तख्ते पर आ बैठा। रोज वह रास्ते से गुजरने वाले परचित लोगों को आवाज दे-देकर पास बुला लेता था और उन्हें सट्टे के गुर और सेहत के नुस्खे बताया करता था। मगर उस दिन वह वहाँ बैठा लच्छे को अपनी वैष्णव देवी की उस यात्रा का वर्णन सुनाता रहा जो उसने पन्द्रह साल पहले की थी। लच्छे को भेज कर वह गली में आया तो मलबे के पास लोकू पण्डित की भैंस को देखकर वह आदत के मुताबिक उसे धक्के दे-देकर हटाने लगा।

***अथवा***

आधी रात का वक्त होगा। मेहमान खाना खाकर एक-एक करके जा चुके थे माँ दीवार से सटकर बैठी, आँखे फाड़े दीवार को देखे जा रही थी। घर के वातावरण में तनाव ढीला पड़ चुका था। मोहल्ले की निस्तब्धता शामनाथ के घर पर भी छा चुकी थी। तभी सहसा माँ की कोठरी का दरवाजा जोर से खटकने लगा।





2. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 12

***अथवा***

जालपा के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

3. 'कफन' कहानी की समीक्षा करते हुए यह सिद्ध कीजिए कि यह मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक व्यवस्था को उकेरने वाली कहानी है। 12

***अथवा***

'परदा' कहानी समाज के किस वर्ग से सम्बद्ध है? कहानी के तत्वों के आधार पर विवेचना कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(*i*) शिवानी के कथा साहित्य पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) बालशौरि रेड्डी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(*iii*) 'ठेस' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(*iv*) गदल के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(*v*) हिन्दी कहानी के विकास पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 15

(*i*) आपके पाठ्यपुस्तक में कितनी कहानी संकलित हैं ?

(*ii*) 'कफन' कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(*iii*) 'परदा' कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(*iv*) 'सिरचन' आपके पाठ्यपुस्तक में किस कहानी का पात्र है ?

(*v*) 'ठेस' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

(*vi*) 'आकाशदीप' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

(*vii*) हिन्दी की पहली मौलिक कहानी का नाम लिखिए।

(*viii*) कहानी के कितने तत्व होते हैं ?

(*ix*) प्रेमचन्द के किसी दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(*x*) 'जली हुई रस्सी' के कहानीकार कौन हैं ?

(*xi*) जालपा के पति का नाम लिखिए।

(*xii*) विभाजन की त्रासदी को आधार बनाकर कौन-सी कहानी लिखी गयी ?





(*xiii*) रांगेय राघव की कहानी का नाम लिखिए।

(*xiv*) चौधरी पीरबक्श किस कहानी के पात्र हैं ?

(*xv*) शिवानी भारत के किस अंचल की निवासी हैं ?

(*xvi*) 'सत्तर श्रेष्ठ कहानियाँ' के रचनाकार कौन हैं ?

———

8,400